# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे: लखनऊ से नौ किमी दूर पहला टोल

लखनऊ | **मुख्य संवाददाता**

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर लखनऊ की ओर से पहला टोल नौ किलोमीटर सफर के बाद पड़ेगा। नौ जिलों को जोड़ने वाला 340 किलोमीटर लम्बा एक्सप्रेस-वे मोहनलालगंज के चांद सराय से शुरू हो रहा है। यहां से 9.2 किमी आगे पहला टोल बनाया जा रहा है। फिलहाल लोगों ने नई सड़क पर आवागमन शुरू कर दिया है। इस एक्सप्रेस-वे का अंतिम बिन्दु यूपी-बिहार सीमा से 18 किमी पहले गाजीपुर के हैदरिया में है।

एक्सप्रेस वे लखनऊ से बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सुलतानपुर, आजमगढ़, अंबेडकर नगर, मऊ, गाजीपुर को जोड़ रहा है। 22,494.66 करोड़ की लागत से 97 फीसदी तैयार हो चुके पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का उद्घाटन दीपावली के आसपास होने की उम्मीद है। इस परियोजना को आठ अलग अलग भागों में बांट कर पूरा किया जा रहा है। इसके पहले वह आजमगढ़ से टांडा, अयोध्या होकर आते थे। उस रास्ते से साढ़े पांच घंटे का समय लगता था।

**पूर्वांचल एक्सप्रेस वे जाने के लिए यहां से जाएं :** यदि ट्रांस गोमती से आ रहे हैं तो शहीद पथ से सुलतानपुर रोड जाने वाले रैम्प से नीचे उतरना होगा। यह सीधी सड़क पूर्वांचल एक्सप्रेस वे तक ले जाएगी। अर्जुनगंज हो कर भी सीधा आगे जाने पर चांद सराय पहुंचने के बाद एक्सप्रेस वे का बोर्ड दिख जाएगा। रायबरेली रोड से मोहनलालगंज में खुझौली के लिए मुड़ना होगा। वहां से जेल रोड पर सीधे आगे बढ़ने पर एक्सप्रेस वे मिल जाएगा।



**340** किलोमीटर लंबा है पूर्वांचल एक्सप्रेस वे

**22494** करोड़ की लागत से तैयार हो रहा

**25** स्थानों पर अभी डायवर्जन है एक्सप्रेस वे में

**97** फीसदी काम पूरा, दिवाली तक शुभारंभ होने की उम्मीद

## पौने तीन घंटे में आजमगढ़ से लखनऊ का सफर

नए एक्सप्रेस वे से एक दिन पहले आए आजमगढ़ के संजय कुमार सिंह ने बताया कि अभी 25 स्थानों पर डायवर्जन है। कुछ स्थानों पर दूसरी सड़कों को जोड़ने वाले रैम्प पूरा नहीं हुआ। इसके बावजूद सफर काफी आसान हो गया है। इस एक्सप्रेस वे से वह आजमगढ़ में अपने घर से हजरतगंज मात्र पौने तीन घंटे में पहुंच गए। उन्होंने कहा कि सफर काफी अच्छा और कम समय में पूरा हुआ।

## कहां से कितनी दूर

- शहीद पथ से 22.4 किमी नगराम की ओर एक्सप्रेस वे तक पहुंचने में औसत समय 44 मिनट।
- पीजीआई से 22.9 किमी खुझौली मोहनलालगंज होते नगराम की ओर से जाना होगा। ट्रैफिक और रेलवे क्रॉसिंग की वजह से औसत समय 46 मिनट